# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–माध्य/भवन/डी–2/3517/मरम्मत/2025–26/पार्ट–1 दिनांक– यथा हस्ताक्षर

**समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, राजस्थान।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, राजस्थान।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा, राजस्थान।**
**समस्त पीईईओ/यूसीईईओं।**

विषयः ''विद्यालय सौंदर्यीकरण एवं कायाकल्प अभियान" के अंतर्गत दीपावली से पूर्व राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों में रंग–रोगन, पेंटिंग एवं मरम्मत कार्य सम्पादित करवाकर लाईटिंग करने तथा अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के संबंध में।

प्रसंगः 1. शासन सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 4.10.2025 में प्रदत्त निर्देश।
2. प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय पत्रांक शिविरा–प्रारं/साप्र/सी/विविध/3077 दिनांक 05.10.2025
3. कार्यालय हाजा समसंख्यक पत्र दिनांक 04.10.2025।

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि भारतीय संस्कृति में विद्या के मंदिरों को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। एक स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायी वातावरण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी पावन भावना के साथ, राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की महत्ता को समझते हुए, राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों में सकारात्मक ऊर्जा और अपनत्व की भावना का संचार करने तथा दीपोत्सव से पूर्व विद्यालयों को स्वच्छ, आकर्षक एवं प्रकाशमय स्वरूप प्रदान करन के उद्देश्य से "विद्यालय सौंदर्यीकरण एवं कायाकल्प अभियान" दिनांक 10 अक्टूबर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया जाना हैं।

यह अभियान केवल राजकीय विद्यालयों में भवनों के भौतिक सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सेवा, समर्पण और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से इन विद्यालयों को एक नई पहचान देने का संकल्प है। दीपावली के महापर्व से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना है कि सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय आकर्षक रूप से सुसज्जित, रंग–रोगनयुक्त एवं सौंदर्यपूर्ण स्वरूप में तैयार हों, जिससे विद्याथियों में विद्यालय के प्रति गौरव एवं अपनत्व की भावना सुदृढ़ हो सके। उक्त अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम (टाइमलाइन) के संबंध में निम्नांकित निर्देश प्रदान किये जाते हैं–

1. सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधीनस्थ समस्त राजकीय विद्यालयों में माइनर रिपेयर, साफ–सफाई तथा रंग–रोगन के समस्त कार्य दीपावली से पूर्व, अर्थात् दिनांक 17 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएँ। यह ध्यान रहे कि <u>विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने के पश्चात् ही रंग–रोगन, पेंटिंग इत्यादि</u> करवाए जाए। तत्पश्चात 18 अक्टूबर 2025 से लेकर सम्पूर्ण दीपोत्सव अवधि तक विद्यालयों में प्रकाश (लाइटिंग) की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे प्रत्येक विद्यालय दीपावली पर्व पर आलोकित एवं आकर्षक दिखाई दे।
2. राजकीय विद्यालयों के प्रति स्थानीय समुदाय, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का जुड़ाव और आत्मीयता बढ़े, जिससे विद्यालय समाज के गौरव और विकास के केंद्र के रूप में स्थापित हो इस हेतु विद्यालयों में चल रहे साफ–सफाई, मरम्मत एव रंग–रोगन कार्यों में विद्यार्थियों, अभिभावकों, ग्रामवासियों, स्काउट–गाइड, एनएसएस, एनसीसी एवं स्थानीय सामाजिक संगठनों आदि का यथा संभव स्वैच्छिक सहयोग एवं श्रमदान लिया जाए।
3. समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जिनमें विद्यार्थी विकास कोष मद में धनराशि प्राप्त होती है, उक्त धनराशि में से विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने के पश्चात् रंग–रोगन, पेंटिंग इत्यादि करवाएँ। इन कार्यों हेतु ₹15,000 से ₹2,00,000 तक राशि व्यय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

प्रारम्भिक शिक्षा के विद्यालयों में आवश्यकता एवं अनुमानित व्यय के अनुसार विद्यार्थी विकास कोष, कम्पोजिट ग्रांट, समसा की सेविंग्स या बैंक इंटरेस्ट राशि से व्यय कर कार्य पूर्ण करवाया जाए।

4. उक्त कार्य विभागीय निर्देशों, राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों की पालना करते हुए नियमानुसार किया जाना सुनिश्चित करें।
5. यह सुनिश्चित किया जाए कि मरम्मत रंग–रोगन एवं पेंटिंग आदि कार्य दीपावली से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएँ। विद्यालय की बाह्य दीवारें, नाम–पट्ट, गेट एवं मुख्य मुख–मंडल (फ्रंट फसाड) आकर्षक एवं एकरूप रंग योजना के अनुरूप भली–भाँति पेंट किए जाएँ। ब्लैकबोर्ड का नवीनीकरण (Re-painting) अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि लेखन स्पष्ट एवं दृश्य रूप से आकर्षक हो।_
6. <u>पेंटिंग एवं मरम्मत कार्य यथा संभव स्थानीय चित्रकारों व कारीगरों से ही कराया जाए ताकि स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले।</u>
7. विद्यालयों में रंग संयोजन की एकरूपता बनाए रखने हेतु नीचे उल्लेखित निर्धारित कलर कोड का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।




**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कलर कोड़**




**राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय कलर कोड़**

8. प्रत्येक विद्यालय में 10 अक्टूबर 2025 से कार्य प्रारंभ से पूर्व एक फोटो तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात एक फोटो (Before and After) संधारित की जाए। संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करें कि दोनों फोटो विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जाएँ तथा रिपोर्टिंग हेतु उपलब्ध कराए जाएँ।

**<u>मॉनिटरिंग व्यवस्था एवं रिपोर्टिंग:</u>** राज्य के प्रत्येक राजकीय विद्यालय में स्वच्छ, सुंदर एवं प्रेरणादायी वातावरण सुनिश्चित करने हेतु इस अभियान की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग अनिवार्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए निदेशालय स्तर पर भवन अनुभाग में एक राज्य स्तरीय विद्यालय सौंदर्यीकरण नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया हैं, जो अभियान की दैनिक प्रगति की समीक्षा करेगा। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समस्त स्तरों पर दायित्व निम्नानुसार निर्धारित किए जाते हैं–

**1. संस्था प्रधान स्तर पर करणीय कार्य :–**

- प्रत्येक संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करें कि 10 अक्टूबर 2025 से पूर्व विद्यालय की "पूर्व स्थिति (Before)" का एक फोटोग्राफ तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात "परिवर्तित स्थिति (After)" का एक फोटोग्राफ संधारित किया जाए।
- विद्यालय में सफाई, माइनर रिपेयर, ब्लैकबोर्ड नवीनीकरण, रंग–रोगन एवं लाईटिंग कार्य की प्रगति का दैनिक विवरण तैयार किया जाए।
- प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट पीईईओ/यूसीईईओ को सायं तक प्रेषित की जाए।

**2. PEEO/UCEEO स्तर पर करणीय कार्य :–**

- प्रत्येक पीईईओ/यूसीईईओं यह सुनिश्चित करें कि 10 अक्टूबर 2025 से पूर्व अधीनस्थ समस्त विद्यालयों की "पूर्व स्थिति (Before)" के फोटोग्राफ तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात "परिवर्तित स्थिति (After)" के फोटोग्राफ संधारित किये जाए।

- पीईईओ/यूसीईईओं परिक्षेत्र के समस्त विद्यालयों में सफाई, माइनर रिपेयर, ब्लैकबोर्ड नवीनीकरण, रंग–रोगन एवं लाईटिंग कार्य की प्रगति का दैनिक विवरण संकलित कर CBEO स्तर पर अपने अधीनस्थ विद्यालयों में कार्य आरंभ एवं प्रगति की सूचना प्रतिदिवस निम्नांकित फार्मेट में प्रेषित की जाए–

| दिनांक | विद्यालय का नाम | विद्यालय का प्रकार (PS/UPS/Sr.Sec) | कार्य प्रारंभन स्थिति प्रारंभ Yes प्रारंभ नहीं No | कार्य प्रारंभ की तिथि | कार्य पूर्ण की तिथि | Before Photo Drive link | After Photo Drive link |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

**3. CBEO स्तर पर करणीय कार्य :–**

- CBEO स्तर पर ACBEO-I को नोडल अधिकारी बनाकर ब्लॉक स्तर की प्रति दिवस सुदृढ़ मॉनिटरिंग करेंगे।
- ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी पीईईओ/यूसीईईओं से कार्यप्रगति की दैनिक स्थिति प्राप्त कर यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यालय में कार्य आरंभ हो चुका हैं या प्रगति पर है।
- दैनिक रिपोर्ट में कुल विद्यालयों की संख्या, कार्य प्रारंभ विद्यालयों की संख्या एवं कार्य पूर्ण विद्यालयों की संख्या पृथक–पृथक वर्गों (PS/UPS/Sr.Sec.) में अंकित की जाए।
- कार्य की दैनिक स्थिति (कुल विद्यालय, कार्य प्रारंभ, कार्य पूर्ण) का संक्षेप तैयार कर प्रतिदिन सायं 5:00 बजे तक संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक से प्रतिदिन कम से कम 2–3 चयनित विद्यालयों की Before & After फोटो रिपोर्ट संलग्न की जाए।

| दिनांक | विद्यालय वर्ग | कुल विद्यालय | कार्य प्रारंभ विद्यालय | कार्य पूर्ण विद्यालय | लंबित विद्यालय | फोटो लिंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | PS | | | | | |
| | UPS | | | | | |
| | Sr.Sec | | | | | |

**4. CDEO स्तर पर करणीय कार्य**

- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (CDEO) स्वयं जिला नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। सीडीईओ स्तर पर AD की निगरानी में अपने कार्यालयों के अधिकारियों को ब्लॉक आवंटित कर प्रति दिवस मॉनिटर करेंगे।
- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जिले के सभी ब्लॉकों की स्थिति का समेकन कर एक समेकित दैनिक जिला रिपोर्ट (कुल विद्यालय, कार्य प्रारंभ, कार्य पूर्ण) तैयार करेंगे। यह रिपोर्ट प्रतिदिन सायं 6:00 बजे तक निदेशालय में राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग सेल प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) को प्रेषित की जाएगी।
- प्रत्येक जिला अपनी दैनिक रिपोर्ट के साथ कम से कम 5–7 (Before & After) फोटो संलग्न करेगें।

| दिनांक | विद्यालय वर्ग | जिले में कुल विद्यालय | कार्य प्रारंभ विद्यालय | कार्य पूर्ण विद्यालय | लंबित विद्यालय | फोटो लिंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | PS | | | | | |
| | UPS | | | | | |
| | Sr.Sec | | | | | |

**5. संयुक्त निदेशक स्तर पर करणीय कार्य :**

- संयुक्त निदेशक सीडीईओं से प्राप्त रिपोर्टों का विश्लेषण कर धीमी प्रगति वाले जिलों को तत्काल दिशा—निर्देश जारी करेंगें।
- अपने संभाग की स्थिति की रिपोर्ट आवश्यकता होने पर निदेशालय को तत्काल प्रस्तुत करेंगे, अथवा निर्देशानुसार जब भी अपेक्षित हो, अद्यतन स्थिति प्रेषित करेंगे। निदेशालय स्तर पर प्रतिदिन प्राप्त रिपोर्टों की समीक्षा की जाएगी।

| दिनांक | विद्यालय वर्ग | संभाग में कुल विद्यालय | कार्य प्रारंभ विद्यालय | कार्य पूर्ण विद्यालय | लंबित विद्यालय | फोटो लिंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | PS | | | | | |
| | UPS | | | | | |
| | Sr.Sec | | | | | |

अभियान अवधि की समाप्ति पर दिनांक 19 अक्टूबर 2025 को समेकित राज्य रिपोर्ट तैयार की जाएगी। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित अवधि में उनके अधीनस्थ सभी विद्यालयों में रंग—रोगन, पेंटिंग, ब्लैकबोर्ड नवीनीकरण, लाईटिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण रूप से संपन्न हो जाए।

**<u>इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।</u>**

संलग्न उपरोक्तानुसार

**(सीताराम जाट)**
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर ।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर ।
6. स्टाफ ऑफिसर, निदेशालय, मा.शि. राजस्थान बीकानेर।
7. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
8. मैनेजर, गुरू नानक भवन संस्थान, जयपुर।
9. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
10. समस्त संस्था प्रधान।
11. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Document certified by SITA RAM JAT <CATOPIJ599@REGAPTS.COM>.

Digitally Signed by SITA RAM JAT
Designation : Director
Date :09-10-2025 02:12:50

RajKaj Ref No.: 18233334
eSign DSC

# COLOR SCHEME FOR GOVT. SECONDARY / SENIOR SECONDARY SCHOOLS




## ASIAN PAINT (Interior Paint as per G-Schedule)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Walls- | Pure Ivory | L124 | Page 009 or |
| | Raw Jute | L151 | Page 007 |
| Ceiling- | White | | |
| Door/Window- | Nut Brown-N | 0419 | Page 231 |
| Wire Mesh- | Oriental Blue | 1306 | Page 047 |

## ASIAN PAINT (Exterior Paint as per G-Schedule)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Light - | Coral Beach | 7969 | Page 133 |
| Dark - | Copper | 0587 | Page 235 |


**NOTE: ALL PAINTS CAN BE SELECTED IN OTHER COMPNIES OF SAME SHADE**

ARCHITECT:

**Arck Design Group**

D-27, Mahalaxmi Nagar, Behind World Trade Park,
D- Block, Malviya Nagar, Jaipur - 302017
MOB. NO.: +91-141-3162315; +91-94142-68195
E-mail: info@arckdesigngroup.com

# COLOR SCHEME FOR GOVT. PRIMARY /UPPER PRIMARY SCHOOLS




**ASIANPAINT(InteriorPaintasperG-Schedule)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Walls- | PureIvory | L124 | Page009or |
| | RawJute | L151 | Page007 |
| Ceiling- | White | | |
| Door/Window- | NutBrown-N | 0419 | Page231 |
| WireMesh- | OrientalBlue | 1306 | Page047 |

**ASIANPAINT(ExteriorPaintasperG-Schedule)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Light- | CoralRoom | K243 | Page242 |
| Dark- | Copper | 0587 | Page235 |

ARCHITECT:
**ArckDesignGroup**
D-27,Mahalaxmi Nagar, Behind World Trade Park,
D-Block,MalviyaNagar,Jaipur-302017
MOB.NO.:+91-141-3162315;+91-94142-68195